# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़

## पीठासीन अधिकारी – प्रभा गौतम (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| **031/2026(खा.सु.)** (GCMS 2026/31) | **2502.2026** | **12.03.2026** |

**अनवान**

सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकारी, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

किशनलाल जाट पुत्र रामलाल जाट
मैसर्स राधिका आईसक्रीम
सिरोडी रोड, ग्राम मान्दलदा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**अप्रार्थी**

**–:: जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) एफएसएस एक्ट 2006 नियम 2011 ::–**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि राज्य सरकार द्वारा जिला चित्तौड़गढ़ के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र हेतु अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम शर्मा ने परिवाद अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) के तहत विरूद्ध अप्रार्थी के प्रस्तुत कर अगवत कराया गया है कि उनके द्वारा दिनांक 04.05.2025 को समय 11.00 ए.एम. पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत मैसर्स मैसर्स राधिका आईसक्रीम सिरोडी रोड, ग्राम मान्दलदा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) का निरीक्षण करने पर उक्त फर्म के अप्रार्थी उक्त फर्म में विक्रेता/मालिक की हैसियत से खाद्य पदार्थ खोहा, कुल्फी एवं आईसक्रीम, केन्डी आदि खाद्य पदार्थ आम जनता को विक्रय करना एवं विक्रय हेतु अपने कब्जे में रखना पाया गया।

मौके पर अप्रार्थी से खाद्य लाईसेन्स प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, जो विक्रेता ने मौके पर दिखाया। मौके पर गवाहान मनीष शर्मा की उपस्थिति में आवेदक द्वारा अपना परिचय–पत्र दिखाकर परिचय दिया एवं विक्रेता से परिचय लिया, विक्रेता व गवाहान की उपस्थिति में उक्त फर्म पर **Frozen Desert (Kaju Dakh),** आईसक्रीम, केन्डी आदि खाद्य पदार्थ एवं फ्रिज में विक्रय हेतु रखा पाया गया। मिलावट की शंका होने पर उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना एफएसएस एक्ट 2006 के तहत जांच हेतु लेने के लिए विक्रेता को अवगत कराया गया तत्पश्चात् नमूना वास्ते जांच लेने हेतु सूचना फार्म नंबर **V-A** की प्रति गवाहान की उपस्थिति में तैयार कर विक्रेता को दी गई।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा उक्त **Frozen Desert (Kaju Dakh)** के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अध्यधीन प्रावधित प्रक्रिया अनुसार नूमने तैयार किये गयें। तैयार नमूने प्रत्येक भाग पर अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा)

